न्यूज़ सिटी चीफ
वर्ष-15, अंक-202
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**
दो तरह से देखने से चीज़े छोटी नजर आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

# बिहार सिटी चीफ



बिहार, शनिवार, 26 अक्टूबर 2024
सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

# प्रॉपर्टी डीलर को मारी थी गोली, पुलिस घर पहुंची तो मिले लाखों रुपये

## नोट गिनने वाली मशीन और एक रायफल; दो एयरगन

**आरा।** भोजपुर जिले के टाउन थाना क्षेत्र के गांगी पुल स्थित बैरियर के पास प्रॉपर्टी डीलर मो. शाहिद आलम उर्फ पप्पू कुमार को गोली मारने के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

बड़की सिंगही निवासी घायल प्रॉपर्टी डीलर के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई है। इसमें बड़की सिंगही गांव निवासी मो. शहनवाज उर्फ गुड्डू, उसके भाई मो. तनवीर, मो. आसिफ, उसके भाई मो. शहनवाज एवं मो. आलमगीर समेत पांच को नामजद एवं तीन अज्ञात अपराधियों को आरोपी बनाया गया है।

**साजिश के तहत गोली मारने का आरोप**

जानकारी के अनुसार, दर्ज हुई प्राथमिकी में नामजद आरोपितों पर रेकी कर षड्यंत्र के तहत गोली मारने का आरोप है। इधर, एसपी राज का कहना है कि पुलिस ने प्राथमिकी के आधार पर एक आरोपित बड़की सिंगही निवासी मो. शहनवाज (द्वितीय) को गिरफ्तार किया है।

जबकि, मो. शहनवाज उर्फ गुड्डू के घर पर छापामारी करने पर करीब 17 लाख 50 हजार रुपये नकद के अलावा नोट गिनने की एक मशीन, एक एनपी बोर रेगुलर रायफल, 315 बोर के सात कारतूस, दो छोटी-बड़ी एयरगन और तीन पैकेट एयरगन के छर्रे जब्त हुए हैं। इसके बारे में छानबीन चल रही है।

**पूरी कहानी घायल की जुबानी**

इधर, घायल प्रापर्टी डीलर मो. शाहिद आलम ने टाउन थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी में कहा है कि अगस्त 2023 में उसने अपनी चचेरी बहन मसुदा खातून से करीब पांच कट्ठा जमीन की रजिस्ट्री कराई थी।

इसके बाद वह सितंबर महीने में जमीन की मापी कराने गए थे।



आरोप है कि इस दौरान मो. शहनवाज उर्फ गुड्डू, उसका भाई मो. तनवीर अख्तर, मो. आसिफ, उसका भाई मो. शहनवाज एवं मो. आलमगीर ने जमीन मापी करने से रोका था। साथ ही जान से मारने की धमकी दी थी।

घायल प्रॉपर्टी डीलर का आरोप है कि उक्त जमीन को मो. शहनवाज उर्फ गुड्डू, मो. आसिफ, मो. शहनवाज, मो. तनवीर और मो. आलमगीर ने भी साजिश रचकर अपने नाम लिखवा लिया है। इससे जुड़ा मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है।

घायल ने यह भी कहा है कि बीती 24 अक्टूबर को वह बाइक से टाइल्स खरीदने घर से जीरो माइल जा रहे थे।

इस दौरान जैसे ही गांगी पुल बैरियर के पास पहुंचे तभी एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने टारगेट कर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी।

**नामजद आरोपितों पर रेकी कर गोली मरवाने का आरोप**

घायल ने बताया कि गोली लगने के बाद वह अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। सड़क पर गिरने के बाद भी अपराधियों ने उन पर दो राउंड फायरिंग की और फरार हो गए। अपराधियों में दो अपने चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे।

आरोप है कि घटनास्थल से कुछ दूरी पर उपरोक्त आरोपित छिपकर रेकी कर रहे थे। घायल ने नामजद आरोपितों पर षड्यंत्र के तहत जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

इसके आधार पर पुलिस अपनी जांच आगे बढ़ा रही है। रास्ते में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को घटनास्थल से दो खोखा और एक मिस फायर कारतूस भी मिला था।

**जब्त 17.50 लाख रुपये में से 26 हजार के पुराने नोट**

इधर, प्रापर्टी डीलर पर जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने आरोपित मो. शहनवाज उर्फ गुड्डू के बड़की सिंगही स्थित घर पर शुक्रवार को छापामारी की। यहां से पुलिस को 17.50 लाख नकदी बरामद हुई।

पुलिस इसका ब्योरा जुटाने में लगी है।

स्वजन से भी पैसे के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है। बरामद नकदी में पांच सौ, दो सौ और सौ रुपये के नोट है। इसमें करीब 26 हजार पुराने नोट भी हैं।

# सासाराम में स्वास्थ्य कर्मी की गोली मारकर हत्या

## पहले बाइक चोरी की, फिर पीछा करने वाले हेल्थ वर्कर का भी किया मर्डर

**रोहतास।** बिहार के रोहतास जिले से बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां सासाराम अनुमंडल क्षेत्र में एक स्वास्थ्य कर्मी की गोली मारकर हत्या कर दी गई है. मिली जानकारी के अनुसार सासाराम के शिवसागर थाना क्षेत्र के अऊंआ में राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्वास्थ्य विभाग के एक कर्मी भानु प्रताप की गोली मारकर हत्या कर दी गई. मृतक कैमूर जिला के कुदरा थाना के सकरी गांव के चितरंजन सिंह के पुत्र थे. वह कैमूर जिला के भभुआ में स्वास्थ्य विभाग में एंबुलेंस कंट्रोलर ऑफिसर के पद पर तैनात थे.

बताया जाता है कि बीती रात कैमूर के सकरी गांव में भानु प्रताप के घर से कुछ लोग बाइक चुराकर भागने




लगे. यह देखकर वह अपनी कार निकाल कर कार से ही बाइक चोर का पीछा करने लगे. बाइक का पीछा करते-करते वे लोग कैमूर जिला से रोहतास जिला में चले आए. शिवसागर के अऊंआ के पास पीछा करते-करते भानु प्रताप ने बाइक चोरों को रोकने का प्रयास किया, तो अपराधियों ने फायरिंग कर दी और भानु प्रताप को गोली मार दी। जिससे मौके पर ही भानु प्रताप की मौत हो गई.

इस घटना के दौरान परिवार के एक अन्य युवक पर भी फायरिंग की गई. इस वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है. शिवसागर थाना की पुलिस मौके पर पहुंची है. वहीं मृतक के शव का पोस्टमार्टम सासाराम के सदर अस्पताल में कराया जा रहा है. कैमूर जिला के सकरी में कार से बाइक चोरों का पीछा करते रोहतास में आने पर जिस तरह से बाइक चोर अपराधियों ने गोली मार कर भानु प्रताप की हत्या कर दी. इससे इलाके में सनसनी है. वारदात के दौरान साथ रहे मृतक के चचेरे भाई का कहना है कि इस दौरान आसपास के थाना को लगातार फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई. लेकिन, कोई संपर्क नहीं हो पाया है.

# पशुपति पारस को बंगले खाली करने का निर्देश

## 1 व्हीलर रोड बंगला अब चिराग को अलॉट

**पटना।** बिहार में बंगले पर सियासत कोई नई बात नहीं है. बिहार के सियासी गलियारे में एक बार फिर से बंगले को लेकर नया विवाद सामने आया है. दरअसल बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग ने पशुपति कुमार पारस को कार्यालय के तौर पर दिए गए बंगले को खाली करने का निर्देश दिया है.

जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विभाग के अधिकारी बंगले को खाले करने का नोटिस लेकर पहुंच गए. अधिकारियों का कहना है कि 7 दिनों में बंगला खाली नहीं किया गया तो बलपूर्वक बंगला खाली करवाया जाएगा. हालांकि मामला न्यायालय में है. वहीं बिहार सरकार ने इस बंगले को चिराग पासवान की पार्टी के कार्यालय के लिए अलॉट कर दिया है. बता दें, रामविलास पासवान के निधन के बाद उनकी पार्टी दो भागों में बंट गई. एक गुट उनके छोटे भाई पशुपति कुमार पारस का बना गया जिसका नाम राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी है. वहीं दूसरी ओर रामविलास पासवान के पुत्र चिराग पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास नाम से अपनी पार्टी बनाई. पार्टी में तो बंटवारा हो गया था. लेकिन, पार्टी कार्यालय का बंटवारा होना




अभी भी बाकी है.

**जानें क्या है पूरा विवाद?**

दरअसल पटना के एक व्हीलर रोड स्थित लोक जनशक्ति पार्टी का कार्यालय वर्षों पुराना है. लेकिन, पार्टी पहले ही दो भागों में बंट चुकी है. हालांकि फिलहाल उस पार्टी कार्यालय पर पशुपति पारस गुट का कब्जा है और इसमें राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी का कार्यालय चलाया जा रहा है. वहीं पार्टियों के अलग-अलग होने के बाद अब उस बंगले पर दोनों ओर से दावा किया जा रहा है. हालांकि सरकार ने इस बंगले को चिराग पासवान की पार्टी लोक जन शक्ति पार्टी रामविलास को कार्यालय के लिए आवंटित कर दिया है क्यों फिर चर्चा में आया बंगला? बता दें, यह यह मामला तुल इसलिए पकड़ा रहा है क्यों कि शुक्रवार को भवन निर्माण विभाग के कनीय अभियंता ने राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के कार्यालय के बाहर नोटिस चिपकाया. इस नोटिस में बंगले को अविलंब खाली करने का निर्देश था.

इस नोटिस में यह भी दर्ज किया गया कि यदि अगले 7 दिनों मे बंगला खाली नहीं होता है तो पुलिस टीम की मौजूदगी में बलपूर्वक बंगला खाली करवाया जाएगा. हालांकि बंगले का मामला न्यायालय में है. वहीं इसी बीच लोक जनशक्ति पार्टी का दावा है कि चुनाव आयोग ने उसे भी राज्य स्तरीय पार्टी का दर्जा दिया इस लिए नियम के अनुसार पार्टी को सरकार के द्वारा सरकारी बंगला मिलना चाहिए.

# दूसरे धर्म की लड़की को शादी का झांसा देकर किया यौन शोषण

## इंकार करने पर कराया मामला दर्ज

**मुंगेर।** मुंगेर में एक युवक ने मुस्लिम लड़की (22) से पहले प्रेम का नाटक किया और फिर शादी का झांसा देकर उसके साथ करीब एक साल तक उसका यौन शोषन किया। जब लड़की गर्भवती हो गई तो लड़के पर शादी करने का दबाव बनाने लगी। आरोपी शादी के नाम पर लगातार टाल-मटोल करता रहा। इस दौरान लड़की आठ महीने की गर्भवती हो गई। मामला गंभीर होते देख पीड़िता ने इस बात की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिसके बाद परिजन जमालपुर थाना पहुंचे और आरोपी युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर यौन शोषन करने का मामला दर्ज कराया। मामला जमालपुर थाना क्षेत्र का है। आरोपी युवक छोटी केशोपुर मोहल्ला निवासी नीतीश कुमार उर्फ गोलू कुमार है।

**मामला दर्ज होने पर पुलिस ने किया गिरफ्तार**

इस मामले को लेकर जमालपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि एक मुस्लिम लड़की ने छोटी केशोपुर निवासी नीतीश कुमार उर्फ गोलू पर शादी का झांसा देकर यौन शोषन करने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। मामला दर्ज होते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नीतीश कुमार उर्फ गोलू कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

# लड़की ने नहीं दिया मोबाइल नंबर, गुस्से में लड़के ने चाकू से किया हमला, लड़की की हालत गंभीर

**मोतिहारी।** बिहार के मोतिहारी जिले में एक सिरफिरे आशिक ने किशोरी पर चाकू से हमला कर दिया. आरोपी युवक ने किशोरी से मोबाइल नंबर मांगा था, लेकिन किशोरी ने नंबर देने से इनकार कर दिया. जिससे आरोपी युवक आग बबूला हो गया और किशोरी पर हमला कर दिया. आरोपी युवक पहले किशोरी के घर में घुसा और उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की. किशोरी ने आरोपी युवक से खुद को बचाने का प्रयास किया तो उसने उस पर चाकू से हमला कर दिया. हमले के बाद किशोरी की हालत गंभीर बताई जा रही है.

एक तरफा प्रेम में पागल एक सनकी आशिक ने अपने प्रेमिका को चाकू मार कर घायल कर दिया है. मामला पताही थाना क्षेत्र के भकुरहिया गांव का है. जहां एक किशोरी ने लड़के को अपना



मोबाइल नंबर नहीं दिया तो वह लड़का इस कदर गुस्सा हो गया कि उसने लड़की के ऊपर चाकू से हमलाकर उसे घायल कर दिया. पीड़िता ने कहा कि तीन महीने पहले उसके पड़ोसी गांव, तिवारी टोला का रहने वाले दीपक कुमार ने उसका मोबाइल नंबर स्कूल से आते वक्त मांगा था लेकिन लड़की ने अपना मोबाइल नंबर नहीं दिया.

**सिरफिरे लड़की पर किया हमला**

किशोरी ने लड़के को जवाब दिया कि वो मोबाइल नहीं रखती है लेकिन फिर भी दीपक को यकीन नहीं हुआ और वह लगातार लड़की से मोबाइल नंबर की मांग करता रहा. इसलिए कि वह उससे बात कर सके, लेकिन जब उसे मोबाइल नंबर नहीं मिला तो गुस्से से पागल हो गया. वहीं इसी बीच दीपक गांव में एक मोटर चोरी के आरोप में जेल चला गया और फिर विगत तीन-चार दिनों पहले जेल से बाहर आया और उस लड़की के पीछे पागलों की तरफ पड़ गया. लड़की कल देर रात अपने घर में अकेली खाना बना रही थी. इसी दौरान दीपक ने उसके घर पहुंचकर उसके साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की.

**लड़की हालत गंभीर**

लड़की के चिल्लाने पर दीपक ने पास में रखे चाकू से ही उसके ऊपर हमलाकर दिया. चाकू के हमले में लड़की के गले में घाव हो गया. लड़की के गले से खून निकलता देख आरोपी युवक फरार हो गया. इसके बाद आस पड़ोस के लोग लड़की की आवाज सुनकर उसके घर के अंदर गए तो देखा की लड़की के गले से काफी खून निकल रहा था. इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई. परिजन ने पताही स्वास्थ्य उप केंद्र गए जहां डॉक्टर ने गले के घाव को देखते हुए उसके बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी सदर अस्पताल रेफर कर दिया.

**आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही पुलिस**

डॉक्टर के अनुसार चाकू गले में लगा है. हालांकि गनीमत है कि लड़की की जान को खतरा नहीं है. खून ज्यादा बहाने के कारण स्थिति गंभीर है. अस्पताल में किशोरी का इलाज किया जा रहा है. वहीं लड़की की मां ने कहा कि मेरे पास दो बेटी है, कोई बेटा नहीं है और वह दोनों अधिकतर बीमार ही रहती हैं, घर का खर्चा रोज कुछ ना कुछ खाद्य पदार्थ बनाकर बाहर से बेचकर लाने के कारण चल पाता है.

जब से दीपक ने मेरे लड़की को तंग करना शुरू किया तो मैंने अपनी लड़की की पढ़ाई तक छुड़वा दी. स्कूल नहीं जाने दे रही थी लेकिन दीपक बराबर मेरे लड़की का पीछा करता रहता है. आज उसने यह घटना भी कर दिया. वहीं एफएसएल की टीम ने घटनास्थल पर पहुंच कर साबूत जुटाने की कोशिश की. पुलिस आरोपी दीपक की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है.